भाकृअनुप-केन्द्रीय कटाई-उपरान्त अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
(आई.एस.ओ. 9000:2015 प्रमाणित संस्थान)
डाक घरः पी.ए.यू., लुधियाना-141 004 (पंजाब)

भाकृअनुप ICAR

भाकृअनुप-सीफेट ICAR-CIPHET

परिपत्र

मि. स. 7-20/2022-स्थापना-हिन्दी

दिनांक: 10.08.2023

भाकृअनुप-केन्द्रीय कटाई उपरान्त अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीफेट), लुधियाना प्रत्येक तिमाही में राजभाषा हिंदी कार्यशाला का आयोजन करती है एवं राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार अधिकाधिक कार्य हिंदी में करने के लिए हिंदी के विद्वानों के व्याख्यान द्वारा राजभाषा हिंदी के उपयोग हेतु प्रेरित करती है। इस सन्दर्भ में जुलाई-सितम्बर 2023 तिमाही हिंदी कार्यशाला का आयोजन **अब दिनांक 23.08.2023 (बुधवार) को सभागार-1 में अपराह्न 2:30-5:30 बजे** आयोजित होगी। इस कार्यशाला में आमंत्रित वक्ता के रूप में **श्री राजिंदर सिंह बेवली,** सहायक महाप्रबंधक/AGM (राजभाषा) (सेवानिवृत), पंजाब एंड सिंध बैंक होंगे जिन्हें **माननीय राष्ट्रपति द्वारा 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' से पुरस्कृत** किया जा चूका है। श्री बेवली *'राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजभाषा एवं मानव संसाधन के व्यवहार ज्ञान एवं सफल सम्पादन के गूढ़ तथ्य'* विषय पर व्याख्यान देंगे। राजभाषा संबंधी अद्यतन सूचना, संघ का राजकीय कार्य करने के लिए वार्षिक कार्यक्रम 2023-24 का लक्ष्य, हिंदी वाईस टाइपिंग, हिंदी अनुवाद, हिंदी में उपलब्ध विभिन्न आकर्षक फोंट्स, इत्यादि पर भी चर्चा होगी एवं निदेशक महोदय हिंदी में अपने कार्य अनुभव साझा करेंगे। अतः आपसे अनुरोध है की आपके **अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ सभी ऐसे कार्मिक (YP/ SRF/contractual सहित) जो किसी भी रूप में हिंदी कार्य से जुड़े हों** द्वारा कार्यशाला में भाग लेना सुनिश्चित करें।

यह परिपत्र निदेशक महोदय के अनुमोदन से प्रेषित किया जा रहा है।

विकास कुमार

विकास कुमार
वैज्ञानिक एवं प्रभारी, राजभाषा प्रकोष्ठ

सलग्न: यथोपरि

वितरणः
1.सभी परियोजना समन्वयक, कार्यकारी प्रभागाध्यक्ष एवं प्रभारी अनुभाग, भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना एवं अबोहर
2. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना
3.वित्त एवं लेखा अधिकारी, भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना
4.नोडल ऑफिसर, संस्थान गतिविधि रिकॉर्ड, भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना (ई. सुनीता थोंगम)
5. निदेशक के निजी सचिव
6.सूचना पटट्